40वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में बिहार पवेलियन ने जीता स्वर्ण पदक

चर्चा में क्यों?

27 नवंबर, 2021 को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन अवसर पर केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मेले में बेहतर प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित करने वाले पैवेलियन व कलाकारों को छह श्रेणियों में सम्मानित किया। 24 राज्यों की प्रदर्शनी के बीच बिहार राज्य के पवेलियन ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही पार्टनर स्टेट के तौर पर भी बिहार को स्वर्ण पदक मिला है। फोकस राज्य के तौर पर उत्तर प्रदेश व झारखंड को स्वर्ण मिला है। राज्यों के पवेलियन में असम के पवेलियन को रजत और केरल को कांस्य पदक मिला। विशेष प्रोत्साहन के तौर पर मध्य प्रदेश राज्य के पवेलियन को सम्मानित किया गया।
- बिहार की तरफ से ये पुरस्कार रेजिडेंट कमिश्नर पलका साहनी और उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान के निदेशक अशोक सिन्हा ने ग्रहण किया।
- बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार के हस्तशिल्पियों और बुनकरों द्वारा बनाई गई चीज़ें कारीगरी, सौंदर्य एवं गुणवत्ता में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हैं, जिन्हें देश-विदेश के लोगों ने खूब पसंद किया।
- उन्होंने कहा कि बिहार पवेलियन को मिला गोल्ड पुरस्कार न सिर्फ बिहार का सम्मान है, बल्कि इससे बिहार के हस्तशिल्पियों और बुनकरों को प्रोत्साहन मिला है।
- गौरतलब है कि बिहार ने अपने पवेलियन में 41 स्टॉल्स सजाए थे, जिनमें सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पँश्री दुलारी देवी की मधुबनी पेंटिंग की जीवंत प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। बिहार के अन्य हिस्सों में बनने वाली लोक कलाकृतियाँ और बिहार के पारंपरिक उद्योगों द्वारा निर्मित चीज़ें भी लोगों को खूब पसंद आईं।
- उल्लेखनीय है कि दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर , 2021 तक 40वाँ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 24 राज्यों की प्रदर्शनी लगी थी। कुछ प्रदर्शनी विदेशों से भी थीं।
- इस मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष 14 दिनों (14 नवंबर से 27 नवंबर) तक किया जाता है। यह शुरू के कुछ दिन व्यापारियों के लिये बाकी दिनों आम लोगों हेतु खुला होता है। इस मेले में भारत के सभी राज्य हिस्सा लेते हैं और अपने-अपने राज्यों की प्रगति, संस्कृति, पर्यटक स्थल और व्यापार के बारे में जानकारी देते हैं।
- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का पहला आयोजन 1979 में किया गया था। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला निर्माताओं, व्यापारियों, निर्यातकों और आयातकों के लिये एक साझा मंच प्रदान करता है।
- इस मेले का आयोजन भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की व्यापार संवर्धन एजेंसी द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-pavilion-won-gold-medal-in-40th-indian-international-trade-fair